## प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

# सीतापुर पुलिस की मानवीय पहल: अटरिया पुलिस ने परिजनों से बिछड़ी 70 वर्षीय वृद्ध महिला और 7 वर्ष के मासूम बालक को सकुशल मिलाया

**दिनांक:-18.08.2026**

पुलिस अधीक्षक सीतापुर **श्री अंकुर अग्रवाल** के कुशल निर्देशन में जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ मानवीय सहायता हेतु चलाए जा रहे अभियानों के क्रम में थाना अटरिया पुलिस टीम द्वारा तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए राह भटके दो लोगों को उनके परिजनों से सकुशल मिलाया गया।

- **वृद्ध महिला को परिजनों के सुपुर्द किया गया:** आज दिनांक 18.08.2026 को एंटी रोमियो/चेकिंग अभियान के दौरान कस्बा अटरिया में एक लगभग 70 वर्षीय वृद्ध महिला रामपति (पत्नी परागेलाल, निवासी रमनगरा, थाना अटरिया) रास्ता भटक कर घूमती पाई गई। एंटी रोमियो टीम द्वारा महिला से आत्मीयता से बातचीत कर उनके घर का पता लगाया गया तथा उनके पोते कुलदीप कुमार (पुत्र बद्रीप्रसाद) को बुलाकर सकुशल सुपुर्द किया गया।
- **मासूम बालक को पिता से मिलाया गया:** 7 वर्षीय बालक आदित्य (पुत्र दिलीप यादव, निवासी नई बस्ती, थाना कमलापुर) अपने परिजनों से बिछड़कर अटरिया चला आया था और अपना पता बताने में असमर्थ था। अटरिया पुलिस द्वारा त्वरित प्रयास कर बालक के परिजनों का पता लगाया गया और उसके पिता को थाना अटरिया बुलाकर बालक को सुरक्षित सुपुर्द किया गया।

सीतापुर पुलिस आमजन की सुरक्षा, सहायता एवं सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

**सराहनीय कार्य करने वाली टीम:**

उप-निरीक्षक अशोक कुमार शुक्ला, महिला आरक्षी आकांक्षा पाल, महिला आरक्षी सुभी पाल।


थाना अटरिया - जनपद- सीतापुर
superupcop@


थाना अटरिया
थाना अटरिया -- जनपद- सीतापुर
संतरी
पोस्ट